HAMIRPUR POLICE

थाना जलालपुर **दिनाँक 02.06.2023**

मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के क्रम में थाना जलालपुर पुलिस द्वारा मां अमृत स्वरूपा इंटर कॉलेज जलालपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर छात्राओं को जागरूक किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना मिशन शक्ति कार्यक्रम के चौथे फेस के अंतर्गत थाना जलालपुर द्वारा माँ अमृत स्वरूपा इंटर कालेज जलालपुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नारी सुरक्षा जागरूकता एवं अपराध से बचाव की जानकारियां दी गई कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा बाल विवाह व बाल अपराध जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसे देखने के लिए गांव से भीड़ उमड़ पड़ी बालिकाओं की कला एवं प्रतिभा ने सभी को मोहित कर दिया नुक्कड़ नाटक में संदेश दिया गया कैसे बाल विवाह अपराध को जन्म देता है एवं आत्मरक्षा के बचाव की जानकारी भी दी गई।

डॉ0 रोहित सिंह राजावत ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि बेटियाँ देश का गौरव है इनका सम्मान सुरक्षा सर्वोपरि है। हाईस्कूल की छात्राओं ने रास्ते में आने - जाने पर होने वाली घटनाये, महिला सम्बन्धी अपराधों,पर नाटक प्रस्तुत करते हुए सन्देश दिया की इस दौर में हम महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाएं हेल्प लाइन नम्बर जारी किये गए जिसके माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में जलालपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव ने साइबर अपराध के संबंध में छात्र छात्राओं को जागरूक किया विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर आरक्षी नीरज यादव, अभिषेक मौर्य, यशवीर , विद्यालय के शिक्षक नवल किशोर,सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

मिशन
शक्ति 4.0
vivo V25
Jun 2, 2023, 11:34

शक्ति 4.0
सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा
vivo V25
Jun 2, 2023, 11:34

मिशन
शक्ति 4.0
1090
181
सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा
जलालपुर, हमीरपुर पुलिस